# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर से गांवों तक सामूहिक योगाभ्यास किया

**बीकानेर**,(कासं)। नौवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव तक हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया।

योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। इस दौरान योगसाधकों ने प्रोटोकॉल के हिसाब से सामूहिक योगाभ्यास किया। निर्धारित समय पर प्रातः 7 बजे संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने योग संदेश और योग की जानकारी के साथ समारोह की शुरूआत की। इसके बाद सामूहिक योगाभ्यास शुरू हुआ।

योग प्रशिक्षक दीपक शर्मा ने ओंकार के उच्चारण और प्रार्थना, शिथिलीकरण के अभ्यास खड़े होकर और बैठकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास करवाया। प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग अधिकारी डॉ. संतोष सेशमा ने उदर और पीठ के बल बैठकर किए जाने वाले आसन करवाए। पायल शर्मा ने कपालभाति क्रिया का अभ्यास करवाया। गायत्री परिवार के शिवकुमार शर्मा ने नाड़ी शोधन, अनुलोम-विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वहीं ब्रह्माकुमारी बी.के. कमल बहन ने शांभवी मुद्रा में ध्यान करवाया।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने योग संकल्प दिलाया। उन्होंने योग और प्राणायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ.



**अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर बीकानेर कलेक्ट्रेट परिसर में योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास करा 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश दिया।**

घनश्याम रामावत ने आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। हर उम्र के लोगों में उत्साह देखा गया। योग समारोह के लिए बजे 6:15 बजे से लोगों का आना प्रारंभ हुआ। निर्धारित रूट से बसों के माध्यम से स्कूली विद्यार्थी, एनसीसी, स्काउट गाइड और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि पहुंचे। योग अभ्यास करने वाले लोगों में उत्साह देखने को मिला। योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास के दौरान आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अतिरिक्त जिला कलेक्टर नगर हरि सिंह मीणा, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ नरेन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह भाटी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

नौवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस वेटरनरी विश्वविद्यालय में बुधवार को मनाया गया। वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग विषय पर आयोजित योग दिवस पर कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि योग एवं प्राणायाम भारत में स्वस्थ जीवन की प्राचीन पद्धति है, जिसको ऋषि मुनि नियमित दिनचर्या के रूप में अपनाते थे एवं स्वस्थ एवं संयमित जीवन यापन करते थे। आज भारत की इस योग पद्धति को पूरा विश्व योग दिवस के रूप में मना रहा है।

इस दिवस को मनाने की प्रासंगगिता यही है कि हमारी दौड़ भाग की दिनचर्या एवं तनाव युक्त वातावरण के चलते युवा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हाइपरटेंशन, कीड़नी, हार्ट आदि विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। हम योग एवं प्राणायाम के माध्यम से इन बीमारियों से छुटकारा पाकर एक स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग कर सकते हैं। योग प्रशिक्षक सुरेश गुप्ता ने विभिन्न योग मुद्राओं एवं प्राणायाम का

- **कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में योगाभ्यास करा कुटुम्बकम का दिया संदेश**

अभ्यास करवाया तथा विभिन्न योग मुद्राओं के लाभ बताये। उन्होंने कहा कि नियमित योग एंव प्राणायाम से असाध्य रोगों से भी छुटकारा मिल सकता है

भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा की केन्द्र सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीकानेर शहर के सभी 10 मंडलों में योग दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सभी जिला पदाधिकारी मोर्चा पदाधिकारी मंडलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। सभी मंडलों के कार्यक्रम हुए।

विजय आचार्य शहर जिलाध्यक्ष और जिला संयोजक नरेश नायक ने बताया विश्व योग दिवस धूमधाम से मनाया योगाचार्य डॉक्टर पन्नालाल पुरोहित स्मृति संस्थान व पुराना शहर मंडल के तत्वावधान में लाली बाई पार्क में चल रहे योग शिविर में आज बीकानेर शहर की 10 संस्थाओं के 200 से अधिक योग साधकों ने योग प्रशिक्षक भुवनेश पुरोहित के प्रशिक्षण में वसुधैव कुटुम्बकुम की थीम पर योगाभ्यास किया गया।

## कार की टक्कर से बिजली पोल टूटा

**सूरतगढ़**, (कासं)। बड़ोपल रोड पर जिओ स्मार्ट प्वाइंट के पास एक कार की जबरदस्त टक्कर से विद्युत पोल टूट कर धराशायी हो गया। वहीं कार के नीचे दबने से एक बाइक भी चकनाचूर हो गई। घटना उस समय घटित हुई जब वायु सेना का स्टीकर लगी एक कार के चालक ने कार को तेज गति और लापरवाही से रिवर्स गियर में चलाया।

इसी दौरान पवनपुत्र टैंट हाउस के आगे कार ने सड़क किनारे खड़े एक बाइक को चपेट में लेते हुए तेज गति से विद्युत पोल में टक्कर मारी, जिससे पोल भी टूट कर धराशायी हो गया। गनीमत रही कि बाइक सवार वार्ड 17 निवासी एक दंपति बाइक से उतरकर पास ही स्थित एक मकान में दूध लेने के लिए गए थे कि पीछे से यह हादसा पेश आ गया। वहीं घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची सिटी पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए कार चालक की तलाश शुरू की जो दुर्घटना के बाद गायब हो गया था।

पास ही स्थित मकान मालिक सतपाल नायक ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके घर के बाहर बना सेफ्टी टैंक टूट गया। इसके अलावा बिजली के खंभे पर लगे मकान के 2 मीटर भी टूट गए। आसपास के लोगों ने बताया कि कार चालक अपनी कार को रिवर्स गियर में तेज गति से चला रहा था। इस दौरान उसने दो-तीन अन्य मोटरसाइकिल को भी टक्कर मारी थी। उधर टूटी बाइक के मालिक वार्ड 17 निवासी सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि वे बाइक से उतर कर जैसे ही दूध लेने के लिए एक घर में घुसे तो पीछे से तेज धमाका हुआ। उन्होंने तुरन्त बाहर आकर देखा तो उनकी बाइक कार के नीचे दबने से चकनाचूर हो चुकी थी।

## सार-समाचार

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 26 से



**भीनासर के गोरक्ष धोरा पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के बैनर का भाजपा नेता दिलीप पुरी ( बीच में ) ने विमोचन किया।**

**बीकानेर**, (कासं)। श्री 1008 योगी गुरुदेव मनफूल नाथ महाराज की कृपा से (अधिष्ठाता महन्त सुहाप) गोरक्ष सेवा समिति, योगी रामनाथ महाराज एवं भक्तगणों की ओर से द्वारा 26 जून से 3 जुलाई तक भीनासर क्षेत्र में धर्म सरिता की रसधाराएं बहेंगी। जहां कथा वाचक राकेश भाई पारीक (केसरदेसर) वाले अपने श्रीमुख से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन करेंगे। योगी रामनाथ महाराज ने बताया कि यह कथा भीनासर स्थित गोरक्षा धोरा, नखतबन्ना मंदिर, कुम्हारों का मोहल्ला में आयोजित होगी। कथा के दौरान संतो का समागम भी होगा। आयोजन से जुड़े पर्यावरणविद् मिलन गहलोत ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों के लिए बसों की व्यवस्था विभिन्न स्थानों से की गई है। कार्यक्रम का आगाज 26 जून को सुबह निकलने वाली भव्य कलश यात्रा से किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष अपने निर्धारित गणवेश केसरिया साड़ी में महिलाएं और सफेद चौले-पायजामों में केसरिया दुपट्टा गले में डाले पुरुष शामिल होंगे। वहीं आयोजन से जुड़े दिलीप पुरी ने बताया कि कथा में पधारने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए कुल 10 स्थानों से बसें प्रतिदिन तय समय पर रवाना होगी। यह बसें किलचू, कानासर, सागर, सिंजगुरु, कुम्हारों की धर्मशाला लालगढ़, भोलासर, सिटी कोतवाली, गोपेश्वर बस्ती, कुम्हारों का मोहल्ला बंगलानगर, चौधरी कॉलोनी नोखा रोड से रवाना होगी जो राह में आने वाले तय स्थानों से श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक लाने ले जाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर होने वाली कथा के बैनर का विमोचन योगी रामनाथ महाराज,पर्यावरणविद् मिलन गहलोत, भाजपा नेता दिलीप पुरी, मुकेश बन, कथा वाचक महाराज राकेश भाई पारीक, समिति अध्यक्ष भंवरलाल पंचारिया, मुरली प्रजापत आदि गणमान्यजनों ने किया।

### `मतदान के बारे में जानकारी दी



**जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने मतदान की शपथ दिलाई।**

**बीकानेर**, (कासं)। नौवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह के दौरान राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया और सभी पात्र एवं वंचित लोगों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आव्हान किया। कार्यक्रम स्थल पर वोटर हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई। जागरूकता अभियान समन्वयक हरि शंकर आचार्य ने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से आमजन को मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर अवेयरनेस फोरम सहित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी गई। इस दौरान सुधीर कुमार मिश्रा, पवन कुमार खत्री और गोपाल जोशी ने निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में बताया।

### नाटक मिस्टर घोष का मंचन 24 को

**बीकानेर**, (कासं)। संकल्प नाट्य समिति द्वारा वीरू पाण्डे लिखित नाटक मि. घोष का मंचन स्थानीय टाउन हॉल में किया जायेगा। नाटक का निर्देशन बीकानेर के युवा कलाकार महताब खान ने किया। संकल्प नाट्य समिति के अभिषेक आचार्य ने बताया कि नाटक मि. घोष पूर्ण से वैचारिक और काल्पनिकता से भरा हुआ है जो भौतिकता पर आधारित नहीं है। अमूर्त रूप से यह नाटक मि. घोष का मंचन है जिसमें छलित व्यक्तित्व और रोमांचित रहस्यपूर्ण कहानी को अंजाम देता है। इस नाटक का मंचन 24 जून को सायं 7:00 बजे बीकानेर के टाउन हॉल प्रेक्षाग्रह में होगा। नाटक का लेखन वीरू पाण्डेय ने किया है और नाटक में महताब खान, रोहित सिंह, अनिल बांदड़ा, पंकज व्यास अभिनय करेंगे। साथ ही प्रकाश प्रभाव शाहरुख लोधी पठान का और मंच सज्जा असीम ख़ान, नुपुर योगी की रहेगी और संगीत प्रभाव बजरंग भादू का रहेगा। वहीं रुप सज्जा पारूल, नेहा सिंघल का रहेगा। प्रेक्षाग्रह में मुख्य अतिथि के रूप में बीकानेर के वरिष्ठ रंगकर्मी सुधेश व्यास, दयानन्द शर्मा, प्रदीप भटनागर सम्मिलित होंगे।

### रंगनेत्री संगीता को फैलोशिप

**बीकानेर**, (कासं)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से इस बार बीकानेर की वरिष्ठ रंगनेत्री और नाट्य लेखिका संगीता शर्मा का चयन रंगमंच क्षेत्र की सीनियर फैलोशिप के लिए हुआ है। 1981 से रंगमंच से जुड़ी संगीता शर्मा को इससे पूर्व दिल्ली साहित्य कला परिषद का मोहन राकेश सम्मान तथा जवाहर कला केन्द्र से नाट्य लेखन के लिए अनेक बार पुरस्कृत किया जा चुका है।

## दोगुना पैसा करने का झांसा देकर ठगने वाला बाबा गिरफ्तार

-साधू के भेष में देता था वारदात को अंजाम, पीडिता ने पैसे मांगे तो वीडियो कॉल पर की अश्लील हरकत

**नोखा**, (कासं)। पुलिस ने एक शख्स को साधु के भेष में लोगों को डबल पैसे करने का लालच देकर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि इस शख्स ने एक पीड़ित से 4 लाख रूपये डेढ़ महीने में डबल करने के नाम पर लिया और भेष बदल कर हिमाचल भाग गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाबा हरीश भारती एक और ठगी की वारदात को अंजाम देने बीकानेर आया था, जिसे नोखा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिससे एक और बड़ी वारदात होने से टल गई। पुलिस ने गांवों में संदिग्ध घूमते लोगों से सतर्क व सावधान रहने की अपील की है।

कार्यवाही में नोखा थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़, एएसआई

- **एक पीड़ित से 4 लाख रूपये डेढ़ महीने में डबल करने के नाम पर लिया और भेष बदल कर हिमाचल भाग गया था**

राजूराम, कानि पवनसिंह, विक्रमसिंह, संजय व बीकानेर साईबर सैल के हैड कानि दीपक यादव शामिल थे।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 29 मई को एक पीड़िता ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि 20 मार्च 2023 को एक बाबा हरीश भारती निवासी हिमाचल प्रदेश नगरोटा बगवा सुबह प्रभात फेरी से सुबह चार बजे उसके घर आया और उससे चाय मांगी तो उसने पड़ौसियों से चाय लाकर पीला दी।

दूसरे दिन फिर आया और चाय मांगी तब उसने चाय बनाकर पिलाई। इस दौरान बाबा और उसके पति कि कुछ बात हुई। दूसरे दिन फिर उसी समय आकर पति से 4 लाख रुपये ले लिए और बोला कि एक डेढ महीने में करोड़ों में हो जायेंगे। अगर नहीं हुए तो एक डेढ महिनें में तुम्हे ये 4,00,000 लाख रूपये वापस लौटा दूंगा।

पीड़िता ने कहा कि दो महीने बाद हमने हरीश भारती से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया और वीडियो कॉल कर उसके सामने अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने ये भी आरोप लगाया कि बाबा ने उसे कहा कि उसके पास काफी पैसे हैं। पति को तलाक दे दे और मेरे साथ आ जा। मैं तुम्हें खूब पैसे दूंगा और आराम से रखूंगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजूराम को सौंपी।

## आज यहां लगेंगे महंगाई राहत शिविर

**बीकानेर**, (कासं)। महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन शहरों के संग तथा प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे।

कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ वार्ड 35 का शिविर राज. माहेश्वरी बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, खाजूवाला के वार्ड 20 का शिविर नगर पालिका में, देशनोक के वार्ड 23 का शिविर भूरा पंचायती भवन में तथा नोखा के वार्ड नं. 39 का शिविर श्याम व हनुमान मंदिर के पास एवं वार्ड 40 का शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल लालूजी की खेड़ी में आयोजित होगा। महंगाई राहत कैम्प 30 जून तक आयोजित होंगे। बीकानेर के मौलानिया एवं कावनी, लूणकरनसर के रोझां एवं साबनिया, श्रीडूंगरगढ़ के डेलवां एवं टेऊ, कोलायत का अक्कासर एवं नाईयों की बस्ती में होगा।

## खेत पर डिग्गी में डूबने से किसान की मौत

**बीकानेर**, (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में एक युवक की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। घटना श्रीडूंगरगढ़ के अभयसिंहपुरा की है जहां 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

यहां गांव रीड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय युवक श्रवणनाथ पुत्र रूघनाथ सिद्ध खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान उसका डिग्गी के पास जाना हुआ। काम करते हुए डिग्गी में गिर गया। काफी समय बाद पता चला कि उसका शव डिग्गी में तैर रहा है। श्रवणनाथ अभयसिंहपुरा की रोही में पेमाराम-रामूराम जाट के खेत पर काश्त करता था और परिवार सहित यहीं रहता था। उस समय खेत में कोई नहीं था। इसलिए उसे बचाने का भी प्रयास नहीं हो सका।

बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी डॉक्टर को दिखाने श्रीडूंगरगढ़ आई और पीछे से ये हादसा हो गया। बुधवार

- **श्रीडूंगरगढ़ के अभयसिंहपुरा गांव में डिग्गी में डूबने से किसान की मौत हो गई**
- **गांव रीड़ी का युवक श्रवणनाथ सिद्ध खेत पर काम करते डिग्गी में जा गिरा**

सुबह मृतक का शव पानी में ऊपर आया तो परिजनों को पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ही शव बाहर निकाला।

उसका शव पोस्टमार्टम के लिए श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। हैड कांस्टेबल राकेश यादव सहित पुलिस टीम ने शव को पानी से बाहर निकलवाया।

## दलित युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या पर रोष

**बीकानेर**, (कासं)। खाजूवाला में दलित युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या करने की घटना में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आने और दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही न होने पर भाजपा नेता डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बीकानेर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए रोष जताया।

शेखावत ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। जिस तरह से महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अपराधों में वृद्धि हुई है। उससे यह तय हो गया है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गृहमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा पाने में विफल रहे हैं।

शेखावत ने अपने बयान में कहा कि इससे बड़े शर्म की बात क्या होगी

- **बीकानेर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए रोष जताया**

कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही गृह विभाग के मुखिया है। इसके बावजूद एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान 6,337 प्रकरणों के साथ दुष्कर्म में देश में पहले पायदान पर है। जब पुलिस खुद अपराधों को अंजाम देगी तो अपराधी और पुलिस में फर्क क्या रहेगा। शेखावत ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## कबड्डी में हिसार की टीम जीती

**नोखा**, (कासं)। यहां रासीसर में प्रथम रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह देर रात तक हुआ।

महावीर जालप ने बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला हिसार व करमीसर के बीच हुआ। जिसमें हिसार की टीम 14 पाइंट से विजेता रही। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला सुरपूरा व रासीसर के बीच खेला गया। जिसमें सुरपूरा की टीम 15 पाइंट से विजेता रही। विजेता व उपविजेताओं को नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका महेन्द्र मंडा, राजेन्द्र व सुनील पूनिया ने निभाई। प्रतियोगिता में युवा क्लब रासीसर, भामाशाहों व ग्रामीणों ने व्यवस्था संभाली। समापन समारोह में अतिथि लूणाराम गोदारा, सुजानगढ के सीओ. रामप्रताप गोदारा, राजाराम सीगड़, भंवरलाल कूकणा मौजूद थे।

## जर्जर व कमजोर हो चुके मकानों को गिराया जायेगा : पवन

**बीकानेर**, (कासं)। मानसून की बारिश और बाढ़ की आशंका के बीच प्रशासन सभी पुराने मकानों को ढहाने और यहां रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी कर रहा है। बीकानेर के संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने सभी निकायों से इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। शहरों के साथ गांवों के अस्थायी और कमजोर हो चुके मकानों को गिराया जायेगा।

संभागीय आयुक्त ने बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ के जिला कलेक्टरों को पत्र भेजकर मानसून से पूर्व सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के जर्जर भवनों का सर्वे करवाने के लिए कहा है।

सर्वे करवा नियमानुसार कार्रवाई रिपोर्ट संभागीय आयुक्त कार्यालय को

- **संभागीय आयुक्त ने चारों जिलों से मांगी जर्जर मकानों की सर्वे रिपोर्ट**
- **कमजोर मकानों के मालिकों को नोटिस थमा खाली करने के आदेश दिए**

भिजवानी होगी। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा से जर्जर भवन, इमारत आदि के गिरने से जन हानि की आशंका रहती है। इसके मद्देनजर यह कारवाई प्राथमिकता से करवानी होगी।

बिपरजॉय तूफान के दौरान अग्रवाल क्वाटर्स में एक मकान गिरने के बाद जिला प्रशासन ने इस काम को पहले ही शुरू कर दिया। सभी कमजोर और कच्चे मकान मालिकों को नोटिस देकर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। बीकानेर शहर में कई कच्चे और पक्के मकान गिरने की स्थिति में है। जिन्हें स्वयं मकान मालिक को तोड़ना होगा। अगर मकान मालिक नहीं तोड़ेंगे तो नगर निगम ये काम करेगा। मकान तोड़ने पर आने वाला खर्च मकान मालिक से वसूला जायेगा। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति अपने आसपास के कच्चे मकानों के बारे में प्रशासन को लिखित में सूचना भी दे सकता है।

## विश्वविद्यालय शिक्षकों व कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग

**बीकानेर**, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कार्मिकों ने राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर विश्वविद्यालय कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग।

विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। मीडिया प्रभारी डॉ मेघना शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय कर्मचारी कल्याण समिति के नेतृत्व में मांग की गई कि राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना को राज्य कर्मचारियों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए पुनः बहाली कर्मचारियों के हितों में की गई थी। परन्तु वर्तमान में पुरानी पेंशन योजना की क्रियान्विति के संबंध में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के समस्त राजकीय उपक्रमों, स्वायत्त शासी निकायों, विश्वविद्यालय आदि संस्थाओं



**राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर विश्वविद्यालय कार्मिकों ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग को लेकर एडीएम सिटी हरिसिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा।**

हेतु एक आदेश जारी कर 01जनवरी 2004 एवं उसके बाद के सेवारत कार्मिक जो नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) धारक है की नियोक्ता अंशदान की समस्त राशि 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज सहित पेंशन निधि खाते में जमा कराने पर ही पुरानी पेंशन योजना का लाभ कर्मचारियों को मिल पायेगा। विश्वविद्यालय कार्मिकों की

- **मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा**

मांग है कि प्रत्येक कर्मचारी की नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत समस्त अंशदान राशि केन्द्र सरकार के एनएसडीएल अकाउंट में जमा है। इस अंशदान को वर्तमान समय एवं परिस्थितियों में निकालना नामुमकिन है।

राजस्थान सरकार ने अपने समस्त सेवारत सरकारी कार्मिकों, जो नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) धारक है को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देते हुए इस दायरे से बाहर रखा है। विश्वविद्यालय कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों की तरह उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ दिया लाए।

## बी.पी.एल. कार्ड धारी भी गैस सब्सिडी से वंचित !

**बीकानेर**, (कासं)। प्रदेश के प्रत्येक जिले में दो से तीन लाख बीपीएल कार्ड धारक ऐसे हैं जो रजिस्ट्रेशन के लिए कैम्पों के चक्कर काट रहे हैं। बिना कोई ठोस जवाब दिए इन्हें लौटा दिया जा रहा है। अब तक सिर्फ साढ़े चार लाख बीपीएल धारकों ने कैम्पों में रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि प्रदेश में करीब 37 लाख बीपीएल कार्डधारक हैं। कैम्पों से उन बीपीएल कार्डधारकों को लौटाया जा रहा है, जिन्होंने खुद के पैसे से गैस कनेक्शन खरीदा था।

जिन बीपीएल धारकों को सरकार की तमाम योजनाओं और उज्ज्वला के तहत कनेक्शन मिला सिर्फ उन्हीं का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। हैरानी की बात ये है कि सरकार के पास बीपीएल कार्डधारकों का डेटा तक नहीं है। रावतों के मोहल्ला निवासी चतुर्भुज रावत ने 16 साल पहले गैस कनेक्शन लिया था। उनके पास 20 साल पुराना बीपीएल कार्ड है। महंगाई राहत कैम्प

- **सरकार के पास इनका डाटा तक नहीं है, गैस सब्सिडी के लिए नहीं हो रहा रजिस्ट्रेशन**

में सीएम की ओर से घोषित राहत पाने के लिए गैस सिलेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन कराने गए तो उन्हें ये कहकर लौटा दिया गया कि रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकता। कारण पूछने पर कोई सीधा उत्तर नहीं दिया गया। पूनमचंद को 2005 में बीपीएल में शामिल किया गया था। उसके सात साल बाद गैस कनेक्शन लिया। खुद के पैसे लगाए। वे भी जब रोडवेज बस स्टैंड स्थित स्थायी महंगाई राहत कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने गए तो उन्हें भी ये कहकर लौटा दिया कि साइट बंद है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद महंगाई राहत शिविरों में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदकों की भीड़ भारी उमड़ी। सबसे बड़ी राहत गैस कनेक्शन धारकों को मिली है।

सीएम ने उज्ज्वला कनेक्शन धारकों को 410 रुपए और बीपीएल कार्डधारकों को 610 रुपए की सब्सिडी देने का ऐलान किया था। नतीजा ये रहा कि अब तक उज्ज्वला में 69.33 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और बीपीएल के करीब 4.50 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर सरकार की योजना का लाभ लेना शुरू कर दिया। इस तरह करीब 73 लाख से ऊपर लोग इस योजना में शामिल हो गए। हालांकि राहत के इस दावे में खामी भी है। केन्द्र की उज्ज्वला योजना आने के बाद प्रत्येक बीपीएल परिवार को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया गया। इससे पहले जिन बीपीएल कार्ड धारकों ने गैस कनेक्शन खुद से खरीद लिए। गैस एजेंसियां अब उन्हें सामान्य उपभोक्ता ही मान रही हैं।

# केश कला बोर्ड अध्यक्ष ने किया महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने बुधवार को नोखा विधानसभा क्षेत्र के जांगलू गांव में आयोजित महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया तथा अब तक वंचित लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया।

केश कला बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ती मंहगाई के दौर में राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया कार्य अनुकरणीय है। महंगाई राहत कैम्प के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा भी प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रशासन गांवों के संग अभियान से आमजन अपने कार्य मौके पर ही करा सकेंगे।

केश कला बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि हम सबकी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि अब तक वंचित वृद्धजन व जरूरतमंद व्यक्ति को कैम्प तक पहुंचाकर उनका रजिस्ट्रेशन करवाएं एवं संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। केश कला बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का महंगाई राहत शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत देने का संकल्प साकार हो रहा है।



नोखा के जांगलू में केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ( बीच में ) ने महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया।

- **सभी पात्र लोगों को संबंधित योजनाओं से जोड़कर लाभ देने तक यह शिविर जारी रहेंगे**
- **केशकला बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने नोखा सेन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया**

सभी पात्र लोगों को संबंधित योजनाओं से जोड़कर लाभ देने तक यह शिविर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रूपए तक के कैशलेस इलाज तथा निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाला अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना में पंजीकृत परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रतिमाह न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए 2000 यूनिट बिजली निःशुल्क देने जैसी योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से दिया जा रहा है।

इस दौरान एसडीएम कल्पित सिवरान, अशोक कुमार सांगवा, बीडीओ जसवंत सिंह विश्नोई, बनवारी लाल सियाग, हेतराम बेनीवाल, शिवरतन सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। केशकला बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने नोखा सेन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बरकरार रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

ऐसे आयोजन सतत रूप से होने चाहिए, जिससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने के बेहतरीन अवसर मिले। केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। गहलोत प्रातः 9 बजे जांगलू से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे लालमदेसर, 11 बजे बासी बरसिंगसर, 12 बजे भोलासर, दोपहर 1 बजे अक्कासर, 2 बजे कोलासर, 3 बजे पलाना, 4 बजे उदयरामसर में सामाजिक एवं स्थानीय ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

## बाइक सवार से लूट की वारदात

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के गोलूवाला थानाक्षेत्र में 3 अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार देर रात बाइक सवार से नकदी, मोबाइल, पर्स और जरूरी कागजात लूट लिए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र में लूट की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले भी एक सुनार की दुकान पर पिस्तौल के दम पर लूट की वारदात सामने आई थी। उस मामले में भी पुलिस को अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

जांच अधिकारी एएसआई रामप्रताप ने बताया कि राजपाल (42) पुत्र कृष्णलाल बिश्नोई निवासी बिलोचावाली ने रिपोर्ट दी कि मंगलवार रात 10 बजे वह पीलीबंगा से अपने गांव बिलोचावाली आ रहा था। रास्ते में नहर की पुलिया पर 3 अज्ञात व्यक्ति जिनके पास में लोहे की पाइप पर गंडासा लगाया हुआ था। उन्होंने उसको रोक लिया ओर जान से मारने की धमकी देकर लूटपाट की। पीड़ित राजपाल ने पुलिस को बताया कि तीनों लुटेरों ने उसकी जेब में रखा मोबाइल और पर्स छीन लिया। तीनों लुटेरों ने गंडासे से बाइक की लाइट पर वार करते हुए उसे तोड़ दिया। राजपाल के साथ भी मारपीट की। उसने बताया कि उसके पर्स में 2500 रुपए, जरूरी कागजात और मोबाइल में दो सिम थी वो सभी तीनों लुटेरे ले गए। हाल बिलोचावाली की ज्वैलर्स की दुकान पर दिनदहाड़े दो बाइक सवार लुटेरे पिस्तौल के दम पर जेवरात ले गए थे।

## सार-समाचार

### नोखा न्यायालय में किया योग

**नोखा,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर बुधवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, नोखा द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला न्यायाधीश मुकेश कुमार एवम न्यायिक मजिस्ट्रेट, नोखा विकास कुमार अग्रावत ने योग का अभ्यास करवाते हुए योग के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही उन्होंने कहा आज हम गर्व के साथ योग दिवस मना रहे हैं, जो विश्व भर में मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मा की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने और सुखमय जीवन की प्राप्ति के लिए मान्यता प्राप्त है।इस मौके पर न्यायालय के कार्मिकों सहित एडवोकेट व अन्य लोगों ने भी योगाभ्यास करते हुए योग का महत्व समझा। वहीं केन्द्रीय कारागृह में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक आर अनन्तेशवरन् एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान की सरिता चौधरी प्रोजेक्ट पवित्रा ट्रेनर व कमलकान्त सुथार युवाचार्य उपस्थित हुए। आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के प्रोजेक्ट पवित्रा ट्रेनर व युवाचार्य के द्वारा योग दिवस 2023 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर श्वन वर्ल्ड वन हेल्थ् के बारे में बताया गया है व कारागृह में सजायाफ्ता व विचाराधीन बंदियो को विभिन्न आसनों से योगा करवाए। इस दौरान कारापाल राजेश योगी रामनिवास उप कारापाल सुभाषचन्द्र दिलावर खान विनोद कुमार देवांक शर्मा मुख्य प्रहरी विजयपाल सहित जेल व संस्था स्टाफ मौजूद था।

### 'पेट्रोल, डीजल का स्टॉक रखें'

**बीकानेर,** (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट और जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने आगामी मानसून के दौरान बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को रसोई गैस और पेट्रोल ,डीजल उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित एजेंसी को अपने यहां निर्धारित स्टॉक आरक्षित रखने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में जारी आदेशानुसार प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने अधिकृत गोदाम में 25 घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 30 सितंबर तक स्टॉक में आरक्षित रखने होंगे। इसी प्रकार मॉनसून के दौरान बाढ़ या अतिवृष्टि की स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोल, डीजल की मांग और सुविधानुसार उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के लिए जिले के प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 2000 लीटर डीजल व 1000 लीटर पेट्रोल का स्टॉक आरक्षित रखने के आदेश दिए गए हैं।

### श्रीगणेश विवाहोत्सव का समापन

**अनूपगढ,** (कासं)। श्री गणेश मंदिर में पांच दिवसीय श्री गणेश विवाह उत्सव और रिद्धि सिद्धि मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आज समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु श्री गणेश मंदिर पहुंचे। अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लंगर भी लगाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने मंदिर में मंगल गीत गाए। श्री गणेश मंदिर के पुजारी राजेश शास्त्री ने बताया कि श्री गणेश जी के विवाह उत्सव और रिद्धि सिद्धि मूर्ति स्थापना को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई है। श्री गणेश मंदिर में आयोजित श्री गणेश विवाह उत्सव और रिद्धि सिद्धि मूर्ति स्थापना के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंची और मंगल गीत गाए। अजय अग्रवाल ने बताया कि पूरे शहर में कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण पत्र बांटे गए थे। पांच दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्री गणेश मंदिर के पुजारी राजेश शास्त्री ने बताया कि आज सुबह 8:15 बजे मंदिर परिसर में यज्ञ प्रारंभ किया गया और 11:15 बजे रिद्धि सिद्धि जी की मूर्ति स्थापना की गई और महाआरती का भी आयोजन किया गया। आज शाम 5:15 बजे श्री गणेश जी और रिद्धि सिद्धि की प्रतिमाओं को प्रथम भोग के रूप में छप्पन भोग लगाया जाएगा।

### जूडो में जीते 5 मैडल

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भीलवाड़ा में आयोजित हुई राजस्थान स्टेट केडिट जूडो चैंपियनशिप में हनुमानगढ़ के जूडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड समेत 5 मैडल जीते हैं। खिलाडियों के बुधवार को हनुमानगढ़ पहुंचने पर नगर परिषद सभापति गणेश राज बंसल ने खिलाडियों से मुलाकात की और उनका मुंह मीठा करवाया। जूडो चैंपियनशिप में 81 किलोग्राम भार वर्ग में साजन कुमार ने गोल्ड मैडल, 50 किलोग्राम भार वर्ग में सोनू कुमार ने गोल्ड मैडल और 66 किलोग्राम भार वर्ग में नवीन कुमार ने सिल्वर मैडल जीते। इसी तरह 73 किलोग्राम भार वर्ग में समीर ने ब्रांज मैडल, 90 किलोग्राम भार वर्ग में धीरज शर्मा ने ब्रांज मैडल हासिल कर हनुमानगढ़ का नाम रोशन किया। खिलाड़ी पदक जीतकर हनुमानगढ़ पहुंचने पर बुधवार को नगर परिषद सभापति गणेश राज बंसल ने खिलाडियों से मुलाकात की और उनका मुंह मीठा करवाकर उनकी हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी। इस मौके पर जिला जूडो संघ सचिव विनीत बिश्नोई, जूडो कोच ओमप्रकाश, अभयजीत, टीम प्रभारी राजेश कुमार ने खिलाडियों और उनके परिजनों को बधाई दी।

### मतदाताओं को किया जागरूक

**अनूपगढ़,** (कासं)। पब्लिक पार्क में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने मतदाताओं को निष्पक्ष और बिना डर के मतदान करने की शपथ दिलाई। उपखण्ड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है उनके वोट बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपील की है कि जो 18 वर्ष के हो चुके हैं, वह अपना वोट जरूर बनाएं। उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि अनूपगढ़ के विधानसभा के सभी बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को शपथ दिलाई गई है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के जिला कलेक्टर के द्वारा नियुक्त अधिकारी तेजपाल सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया। तेजपाल सिंह ने बताया कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है और मतदाता को अपना मत निर्भीक होकर बिना लालच के करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि जिन व्यक्तियों ने नियमानुसार 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर ली है, उनके वोट अवश्य बनाए जाएं।

# ट्रेलर बेचने के नाम 26 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**नोखा,** (कासं)। ट्रेलर बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

ट्रेलर मालिक ने पैसे लेने के बाद डॉक्यूमेंट ट्रांसफर नहीं किए। इस संबंध में नोखा के बिश्नोई धर्मशाला के पास रहने वाले रामस्वरूप बिश्नोई ने रिपोर्ट दी है। पीड़ित बताया आरोपी ने पैसे लेकर डॉक्यूमेंट ट्रांसफर नहीं किए और अब पैसे भी वापस नहीं लौटा रहा है। रामस्वरूप बिश्नोई ने बताया-जसरासर निवासी शंकरलाल जाट के साथ ट्रेलर को लेकर 26 लाख रुपए का सौदा हुआ था। 11 मार्च 2023 को ट्रेलर मालिक शंकरलाल को 25 लाख रुपए एडवांस दे दिए।

वहीं एनओसी देने पर एक लाख रुपए देने की बात हुई थी। शंकर लाल ने सेल लेटर भी लिख दिया था। अप्रैल में एनओसी लाकर दी, तो बाकी एक लाख रुपए भी दे दिए। रामस्वरूप ने बताया गाड़ी नाम ट्रांसफर करवाने के लिए आरटीओ गया तो उन्होंने कहा गाड़ी मालिक ने आपत्ति दे रखी है। ऐसे में ये गाड़ी आपके नाम ट्रांसफर नहीं हो सकती। बीच में सौदा करवाने वाले नोखा निवासी जगदीश प्रसाद पाणेचा को पूरा घटनाक्रम बताया।

- **पैसे लेकर डॉक्यमेंट ट्रांसफर नहीं किए, 5 लाख रुपए और मांगे, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज**
- **सौदे के मुताबिक शंकरलाल को 26 लाख रुपए दे दिए, फिर भी आरटीओ में आपत्ति दे दी**

पीड़ित ने बताया कि सौदे के मुताबिक शंकरलाल को पूरे 26 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद भी आरटीओ में आपत्ति दे दी। इससे गाड़ी मेरे नाम ट्रांसफर नहीं हो रही है। अब शंकरलाल अपनी आपत्ति वापस लेने के लिए 5 लाख की और मांग रहा है। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया-पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

**अवैध पिस्तौल सहित दबोचा :** अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करने और बदमाशों में भय पैदा करने के लिए पुलिस कार्रवाई जारी है। शहर के साथ ही अब कस्बों में भी अवैध हथियार रखने के मामले सामने आ रहे हैं। लूणकरनसर पुलिस को इस मामले में सफलता मिली है।

लूणकरनसर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल ,13 जिंदा कारतूस व तीन कारतूस के खाली खोल सहित गिरफ्तार किया है। अब उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लूणकरणसर के चक 8 बीएचडी निवासी आरोपी ओमप्रकाश को एक अवैध पिस्तौल, 13 जिंदा कारतूस व तीन कारतूस के खाली खोल के साथ गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी चन्द्रजीत सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एस आई धर्मवीर मय जाब्ते रात्रि को 264 आर. डी. उदाणा फांटा पर पहुंचकर वहां खड़े व्यक्ति की तलाशी ने पर पिस्तौल व कारतूस मिले। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश के मामला दर्ज एक अन्य को नामजद भी किया है।

## संस्कार निर्माण शिविर सम्पन्न

**बीकानेर,** (कासं)। बालिकाएं विभिन्न राज्यों की साड़ियों का प्रदर्शन कर रही थी, तो कुछ विद्यार्थी डांस में धमाल मचा रहे थे। यह दृश्य था नोखा रोड स्थित अर्हम इंग्लिश एकेडमी में आयोजित सात दिवसीय संस्कार निर्माण शिविर के समापन समारोह का। बुधवार को संस्कार निर्माण शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनेता दिलीप पुरी, मुख्य वक्ता ज्योतिप्रकाश रंगा, विनय हर्ष, रेशमा वर्मा, रेनू खत्री एवं जगदीश चुग का आतिथ्य रहा। संस्था सचिव सुरेन्द्र कुमार डागा ने बताया कि शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने जो सात दिन में शिक्षा ग्रहण की उसका प्रदर्शन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ फायर लेस की विभिन्न व्यंजनों, हेयर स्टाइल, मेकअप, स्केचिंग आर्ट एंड क्राफ्ट के हुनर का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने शिविर समापन एवं योगा दिवस पर अनेक प्रस्तुतियां दी। संस्था एमडी रमा डागा ने बताया कि 15 जून से शुरू हुए सात दिवसीय संस्कार निर्माण शिविर में विद्यार्थियों को संस्कारों से परिपूरित करने का प्रयास किया गया। गौरतलब है अर्हम स्कूल अपना 25 वां स्थापना दिवस मना रहा है।

# पीजी स्तर पर 6 संकायों में सेमेस्टर प्रणाली लागू

**बीकानेर,** (कासं)। नए शिक्षा सत्र 2023-24 से स्नातकोत्तर स्तर पर सभी 6 संकायों में सेमेस्टर प्रणाली के तहत विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 से स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है। नए शिक्षा सत्र से स्नातकोत्तर स्तर पर सभी 6 संख्याओं में सेमेस्टर प्रणाली लागू की जायेगी।

कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई अध्ययन बोर्ड के संयोजकों की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। नए शिक्षा सत्र 2023-24 से स्नातकोत्तर स्तर पर कला, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया जायेगा।

विदित रहे कि पिछले साल विश्वविद्यालय में पीजी स्तर पर विज्ञान, विधि एवं शिक्षा संकाय में सेमेस्टर प्रणाली को लागू कर दिया था। शेष बचे कला, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सेमेस्टर प्रणाली को इस सत्र से लागू किया जायेगा।

- **नए सत्र से पास होने के लिए साल में देनी होंगी दो परीक्षा**

सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद विद्यार्थियों को पीजी में उत्तीर्ण होने के लिए साल में दो परीक्षाएं देनी होगी।

आगामी सत्रों में विश्वविद्यालय की ओर से यूजी स्तर पर भी सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया जायेगा। बैठक में इस संबंध में पाठ्यक्रम और कार्य योजना तैयार करने की सहमति बनी है। स्नातक स्तर पर प्रथम चरण में विधि, शिक्षा, बीसीए, बीएफए, बीबीए एवं इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया जायेगा।

डॉ. बिठ्ठल बिस्सा, उप कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रथम चरण में पिछले साल स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान, विधि सहित शिक्षा संकाय में सेमेस्टर सिस्टम लागू था। नए सत्र से शेष तीन संकायों में भी इसे लागू करने की सहमति हुई है।

# लक्ष्मीनाथ पार्क में स्थाई बागवान लगाने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। लक्ष्मीनाथ पार्क की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने नगर विकास न्यास के सचिव यशपाल आहूजा से भेंट कर लक्ष्मीनाथ पार्क में स्थाई बागवान तथा चौकीदार लगाने की मांगा की।

पार्क परिसर में स्थित टूटे टॉयलेट की मरम्मत कराने, ओपन जिम की मशीनों की मरम्मत कराने, व्यायाम की नई मशीनें स्थापित करने तथा चार नई साइकिल मशीन लगाने, पार्क स्थित दोनों फव्वारों का सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक एवं शाम को 7:00 बजे से 10:00 बजे तक संचालित करने तथा बंद पड़ी लाइटों को चालू करने आदि विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया।

सीताराम कच्छावा ने बताया कि वर्श 2013 में जब सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नगर विकास न्यास को श्री लक्ष्मीनाथ पार्क हैंडओवर किया गया था, तब 5 कर्मचारी थे। जबकि वर्तमान में केवल एक कर्मचारी है। वह भी केवल दो घंटे के लिए आता है। इससे पार्क में अव्यवस्था हो रही है। नियमित कटाई नहीं होने से पार्क की दूब बहुत बढ़ चुकी है हेज की कटाई, छटाई नहीं हो पा रही है।

## बीमारियों से बचाव की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के पशु जैव विविधता संरक्षण केन्द्र, बीकानेर द्वारा गाढ़वाला गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर व पशुओं की देखभाल संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केन्द्र के प्रभारी डॉ. मोहनलाल चौधरी ने बताया कि शिविर में पशुपालकों को पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के कारण एवं रोकथाम की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. नरसीराम गुर्जर ने पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु कृमिनाशक दवा एवं टीकाकरण के बारे में बताया।

# जैतसर में पानी की पाइपलाइन टूटने से पेयजल संकट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के जैतसर में बुधवार दोपहर अचानक पेयजल पाइपलाइन टूट जाने से कस्बे की पानी की सप्लाई ठप हो गई। इससे जैतसर कस्बे, एक जीबी और तीन जीबी इलाके में पानी का संकट पैदा हो गया।

पानी की पाइपलाइन में डैमेज इतना ज्यादा है कि इसे अगले करीब 48 घंटे तक ठीक कर पाना संभव नहीं है। यह पाइप लाइन जैतसर के पास गांव तीन एलपी बी के पास स्थित है। इस पर से किसी वाहन के गुजरने से लाइन डैमेज हुई और हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। पानी बहुत ज्यादा हो जाने पर इसे लोगों ने पास के खेतों में छोड़ दिया। पाइपलाइन टूट जाने से ज्यादा परेशानी उन घरों में होगी जहां पानी का ज्यादा स्टोरेज नहीं है। ऐसे घरों में बारह घंटे के बाद पानी के लिए टैंकर मंगवाने पड़ सकते हैं।

- **दो दिन रह सकता है पानी का संकट, मरम्मत में जुटे कर्मचारी**

यह पाइप्लाइन बुधवार दोपहर बारह बजे टूटी। जैतसर के पीएचईडी ऑफिस से बुधवार सुबह सात बजे पानी की सप्लाई शुरू की गई थी। यह सप्लाई दोपहर बारह बजे तक चली। ऐसे में ज्यादातर घरों में पानी स्टोरेज कर लिया है, लेकिन जिन घरों में पानी का स्टोरेज नहीं हुआ है वहां पानी की दिक्कत आएगी। जलदाय विभाग के अधिकारी अगले 48 घंटे में सप्लाई सुचारू होने की उम्मीद कर रहे हैं। दो जोन में बंटा है जैतसर कस्बे में पानी की सप्लाई के लिहाज से कब्जे को गौशाला जोन और धाणक मोहल्ला जोन में बांटा गया है। गौशाला जोन के घरों में पानी के स्टोरेज के लिए पर्याप्त प्रबंध है।

# स्काउट-गाइड को सिलाई, ब्यूटीशियन, पेंटिंग, हैण्डीक्राफ्ट का प्रशिक्षण

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ गंगाशहर के तत्वावधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संत खेतेश्वर भवन खेतेश्वर बस्ती में आयोजित किया।

सीओ स्काउट जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 17 मई से प्रारम्भ शिविर में 160 संभागीयों ने भाग लिया। इस दौरान सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, कंप्यूटर, इंग्लिश स्पोकन, नृत्य आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर अतिथि के रूप में सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी, गंगाशहर थाना अधिकारी गौरव बोहरा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा सुनील बोड़ा, समाजसेवी किशन जोशी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरजाराम राजपुरोहित, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम सिंह पुनाडिया, डॉ मनीष गहलोत, स्थानीय संघ गंगाशहर के प्रधान भवानीशंकर जोशी, उपप्रधान गिरिराज खेरिवाल आदि उपस्थित थे।



स्काउट-गाइड के कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के समापन पर रंगारंग नृत्य की प्रस्तुतियां देते प्रतिभागी।

शिविर के तहत बनाई गई कृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया और प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। गंगाशहर थाना अधिकारी गौरव बोहरा ने बताया कि ऐसे शिविर बच्चों की अभिरुचि को नवीन दिशा प्रदान करते हैं। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बोड़ा ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी अपने चौमुखी विकास की ओर अग्रसर होता है। सहायक राय संगठन मान महेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियों के माध्यम से युवाओं का व्यक्तित्व निखरता है। साथ ही कौशल से आर्थिक सुदृढ़ता मिलती है। शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम सिंह ने श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

- **शिविर के तहत बनाई गई कृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया**


इस अवसर पर हुलास सिंह राजपुरोहित, राणसिंह, प्रशिक्षक माया, ममता, सीमा, रेखा, सिमोना, केलाश आदि उपस्थित थे। शिविर संचालक भवानी शंकर राजपुरोहित एवं संस्था प्रधान छोटू लाल गहलोत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन खुशी गहलोत ने किया।

# 'आखर उजास' की दूसरी कड़ी हिन्दी भाषा को समर्पित

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान के साहित्यिक नवाचार एवं नव पहल के तहत सहयोगी संस्था स्व नरपत सिंह सांखला के साझा आयोजन 'आखर उजास' की दूसरी कड़ी हिन्दी भाषा को समर्पित रही।

कार्यक्रम में ख्यातनाम वरिष्ठ कवि अनिरूद्ध उमट ने अपने चर्चित काव्य संग्रह 'कह गया जो आता हूं' अभी तस्वीरों से जा चुके चेहरे' एवं संलाप से अपनी लोकप्रिय कविताओं का वाचन किया। जिसमें प्रमुख है एक-एक कर सभी उतरे कुंएं में, बनाने भीतर ही दरवाजा, किसी की भी आवाज नहीं सुनाई दी फिर कभी......., छोड गए थे पिता जो वसीयत, उसमें कुद साफ-साफ थे निर्देश याद रखना तुम्हारी हठ में मुझे रोना आ जाता था...., प्रेम की खोज में समुद्र भी सदूंक है। पृथ्वी भी संदूक/जो लोग खोज में नहीं है।

वे प्रेम में है... एवं अंगूठे से आसमान पर लकीर खींच कोई उस तरफ फांद गया... के साथ अपनी अनेक रचनाओं की शानदार प्रस्तुति से यह साफ हो जाता है कि उमट जीवन की नम और सबसे महीन वस्तुओं को कविता में प्राण देना जीवन में मरम को पोसने का कवि कर्म करते हैं। तभी तो हम कह सकते है कि उमट अपनी घनीभूत संवेदनाओं के चलते महीन चीजें पकडने में सक्षम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार-रंगकर्मी मधु आचार्य ने कहा कि उमट की कविताएं हिन्दी कविता के मानकों और मुहावरों को तोड़कर अपना रास्ता बना रही है और हिन्दी कविता में एक नया परिदृश्य रचने का प्रयास कर रही है।




वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने 'आखर उजास' की दूसरी कड़ी हिन्दी भाषा को समर्पित कार्यक्रम को संबोधित किया।

